चौमूं के पास सिंगोद कला के जमवाय माता मंदिर चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश

ग्रामीणों ने बताया कि पहले भी 10 मई को मंदिर में चोरी की घटना हो चुकी है

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। चौमूं उपखण्ड की ग्राम पंचायत सिंगोद कलां के प्रसिद्ध जमवाय माता मन्दिर में कुछ ही दिनों में दूसरी बार चोरी की घटना हो गई। चोर मन्दिर का दानपात्र तोड़कर नकदी चोरी कर ले गए। घटना से नाराज ग्रामीणों ने मन्दिर परिसर में धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया और चोरी की घटना का खुलासा नहीं होने तक धरना जारी रखने की चेतावनी दी।

श्री जमवाय माता सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिसिंह शेखावत ने बताया कि रात करीब तीन बजे दो चोर बाइक से आए और मन्दिर में लगे दानपात्र को तोड़कर नकदी चोरी कर ले गए। पूरी वारदात मन्दिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इससे पहले भी 10 मई को मंदिर में चोरी की घटना हो चुकी है। मन्दिर पुजारी सरदार सिंह जब सुबह मन्दिर पहुंचने पर चोरी की जानकारी मिली। दानपात्र का ताला टूटा देखकर उन्होंने ग्रामीणों को सूचना दी, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पर एएसआई धर्मपाल यादव और महेन्द्र वर्मा घटनास्थल पर पहुंचे तथा जांच शुरू की, लेकिन ग्रामीणों ने थानाधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग की। इसके बाद ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया और गांव में बाजार बंद कर दिया। बाद में मौके पर पहुंचे थानाधिकारी विनोद सांखला ने ग्रामीणों से शीघ्र चोरी का खुलासा करने का भरोसा दिलाया।

ग्रामीणों ने कहा कि इससे पहले भी मन्दिर में चोरी की घटना हो चुकी है, जिसका अब तक खुलासा नहीं हो पाया है। ऐसे में इस घटना का खुलासा होना आवश्यक है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पिछली चोरी के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से बदमाशों के हौसले बुलंद हुए और उन्होंने दौबारा मन्दिर को निशाना बनाया। धरना स्थल पर मौजूद लोगों ने जनप्रतिनिधियों से भी मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि चोरी की पूरी वारदात मन्दिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। फुटेज में दो युवक मोटरसाइकिल पर मंदिर पहुंचते और दानपात्र से नकदी चोरी कर फरार होते दिखाई दे रहे हैं। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। धरना स्थल पर मौजूद लोगों ने क्षेत्र के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा से भी मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की। बताया गया कि उन्होंने पुलिस अधिकारियों से वार्ता कर जल्द कार्रवाई की आवश्यकता जताई है।

गोविन्दगढ़ थानाधिकारी विनोद सांखला ने बताया कि चोरी के मामले की जांच के लिए विशेष टीम गठित कर दी गई है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्धों की पहचान के प्रयास जारी हैं। उन्होंने दावा किया कि आगामी 15 दिनों के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

गोविन्दगढ़ पुलिस उपाधीक्षक राजेश जांगिड़ ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही थानाधिकारी विनोद सांखला एवं प्रशिक्षु आरपीएस नेहा को आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं। पुलिस निष्पक्ष जांच कर जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। इस दौरान जमवाय माता मंदिर सेवा ट्रस्ट सिंगोद के अध्यक्ष हरि सिंह शेखावत, सिंगोद खुर्द के पूर्व सरपंच त्रिलोक लोच्छिब, सिंगोद कला के सुरेश सैनी, राजपूत सभा तहसील अध्यक्ष भवानी सिंह सिंगोद, तेजसिंह, पदमसिंह, बलवीर सिंह, रणवीर सिंह, विजय सिंह, जगमालसिंह, पुकीत सिंह, लक्कीसिंह, अजेंद्रसिंह, हितेंद्रसिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

- चोरी की पूरी वारदात मन्दिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद, पुलिस जांच में जुटी

चोरी के विरोध में धरना दे रहे ग्रामीणों से पुलिस अधिकारियों ने समझाइश की।

कोटा में एक करोड़ की जमीन से हार्डकोर बदमाश का कब्जा हटाया

आरोपी कैथून थाने का हिस्ट्रीशीटर है जो युवाओं को नशे की लत में धकेल रहा था

पुलिस ने क्रिमिनल डस्टिंग एक्ट के तहत अवैध निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त किया।

कोटा, (निसं)। कोटा ग्रामीण पुलिस ने शनिवार को एक करोड़ रुपए की जमीन से हार्डकोर बदमाश का कब्जा हटाया है। आरोपी कैथून थाने का हिस्ट्रीशीटर है। युवाओं को नशे की लत में धकेल रहा था। आरोपी फिलहाल फरार है। पुलिस ने क्रिमिनल डस्टिंग एक्ट के तहत उसके अवैध निर्माण को चिन्हित करते ध्वस्त किया है। उसके पास से ढाई बीघा जगह मुक्त कराई है।

कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि कैथून थाने इलाके में हार्डकोर बदमाश 45 वर्षीय शांतिलाल गुर्जर के खिलाफ कई धाराओं में 36 मुकदमे दर्ज हैं। वह मूल रूप से अरंडखेड़ा गांव का निवासी है। फिलहाल फरार है। आरोपी के खिलाफ नशा तस्करी सहित कई तरह के मामले दर्ज हैं। उसे हार्डकोर सूची में जिला स्तर पर लेकर निगरानी की जा रही थी। आरोपी ने कैथून इलाके के ही अरंडखेड़ा में कोटा विकास प्राधिकरण की ढाई बीघा जमीन पर अवैध निर्माण कर दो दुकान बना ली थी। इस अवैध निर्माण पर एक्शन लिया है। उसने अतिक्रमण कर बाउंड्री बना ली थी जिसे बुलडोजर से ध्वस्त किया। प्राधिकरण के तहसीलदार हिम्मत सिंह, कानूनगो विवेकपाल सिंह व पटवारी रुचिता यादव समेत पुलिस जाप्ता मौजूद रहा।

कैथून थाना अधिकारी मनोज सिकरवार ने बताया कि शांतिलाल के खिलाफ पहला मुकदमा वर्ष 2000 में दर्ज हुआ था। इसके बाद लगातार अपराध की दुनिया में सक्रिय है। साल 2026 में भी दो मुकदमे हुए। पहले से दर्ज कई मामलों में सजा हो चुकी है। कई में न्यायालय से राहत भी मिली। कई मामलों में भी ट्रायल न्यायालय में चल रहा है। इनमें जानलेवा हमला, एनडीपीएस एक्ट, अवैध शराब, आर्म्स एक्ट, डकैती, हत्या का प्रयास, जबरन वसूली, नशा तस्करी व सहित कई धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। हाल में सुल्तानपुर में दर्ज हुए एक मुकदमे में फरार है।

- आरोपी ने कैथून इलाके के ही अरंडखेड़ा में कोटा विकास प्राधिकरण की ढाई बीघा जमीन पर अवैध निर्माण कर दो दुकान बना ली थी

तेज आंधी व बारिश से कृषि मंडी में रखी फसल भीगी

गंगापुर सिटी में हुई बरसात से कृषि मंडी में रखी फसलों को नुकसान पहुंचा।

गंगापुर सिटी, (निसं)। उपखंड मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण अंचल में मौसम का मिजाज बदल गया। शनिवार को दोपहर में छाए काले बादलों के बाद शाम को रुक-रुककर रिमझिम फुहारें गिरीं, जिससे कृषि मंडी में रखी फसलें भीग गईं।

शनिवार को छह बजे बादलों ने मेहरबानी दिखाई और 40 मिनट तक बारिश हुई। तलावड़ा तहसील के ऑफिस कानूनगो जितेंद्र बैरवा ने बताया कि क्षेत्र में 15 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। इससे अधिकतम 41 और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री पर आ गया, जिससे लोगों को उमस व गर्मी से राहत मिली है। अच्छी बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। हरिमोहन, मुकेश, रामकेश और सुरेश मीणा का कहना है कि खरीफ की बुवाई के लिए अभी ऐसी 1-2 और बारिश की जरूरत है।

तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत हो गई। यह हादसा बिछीवाड़ा कस्बे के पास तब हुआ, जब बुजुर्ग पैदल सड़क किनारे चल रहे थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

बिछीवाड़ा पुलिस सूत्रों के अनुसार घडमाला निवासी रविराजसिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि रविराज सिंह अपने चाचा रामसिंह चौहान के साथ देवेन्द्रगढ़ पैलेस होटल से घर की ओर पैदल जा रहे थे। वे सड़क के किनारे चल रहे थे। इसी दौरान डूंगरपुर की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए राम सिंह चौहान को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि राम सिंह उछलकर सड़क पर गिर गए। उन्हें सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं और वे मौके पर ही बेहोश हो गए। परिजन और स्थानीय लोग तुरंत उन्हें एक निजी वाहन से डूंगरपुर अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें आगे बाहर जाने के लिए रेफर कर दिया। हालांकि, दूसरे अस्पताल ले जाते समय राम सिंह ने बीच रास्ते में ही मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के शव को डूंगरपुर अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

अजमेर में अवैध गैस कारोबार का पर्दाफाश

अजमेर, (कासं)। अजमेर जिला पुलिस की विशेष टीम और श्रीनगर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध गैस कारोबार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गैस सिलेंडरों से भरी एक पिकअप वाहन को जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मौके से बड़ी मात्रा में नकदी और गैस भरने में उपयोग होने वाले उपकरण भी बरामद किए गए हैं।

श्रीनगर थाना प्रभारी पारूल यादव ने बताया कि जिला विशेष टीम के प्रभारी शंकर सिंह रावत और कांस्टेबल रामनिवास को सूचना मिली थी कि राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित काठियावाड़ी होटल की पार्किंग में गैस सिलेंडरों से भरी एक संदिग्ध पिकअप खड़ी है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और वाहन की जांच की। जांच के दौरान पिकअप में एक घरेलू गैस सिलेंडर तथा 70 खाली वाणिज्यिक गैस सिलेंडर पाए गए। वाहन की सीट के नीचे से एक लाख 22 हजार 130 रुपये नकद भी बरामद हुए। पुलिस ने पार्किंग क्षेत्र की तलाशी ली तो पीछे बने एक कमरे में एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में मिला, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की। उसने अपना नाम गोविंद सिंह उर्फ विक्रम सिंह निवासी दौराई बताया। कमरे की तलाशी में आठ नोजल पाइप सहित, दो घरेलू गैस सिलेंडर और एक इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा बरामद हुआ। पुलिस ने सभी सामान जब्त कर लिया तथा आवश्यक कार्रवाई के लिए रसद विभाग को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी गोविंद सिंह को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में अवैध रूप से गैस सिलेंडरों के उपयोग और कारोबार की आशंका जताई जा रही है।

- पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्त में लिया

जोधपुर में नगदी और आभूषण चोरी

जोधपुर, (कासं)। शहर के निकटवर्ती लूणी तहसील के कांकाणी गांव में चोरों ने एक घर में सैंध लगाकर नगदी जेवरात की चोरी कर ली। जाते-जाते चोर बाइक की चाबी भी चुरा ले गए। लूणी पुलिस ने मामला दर्ज कर अब जांच आरंभ की है। घटना 30 मई की रात को होना बताया गया है। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से पता लगाने का प्रयास कर रही है।

लूणी पुलिस ने बताया कि कांकाणी निवासी शेषाराम ने मामला दर्ज कराया। इसमें उसने बताया कि 30 मई की रात करीब 12 से 2 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति उनके घर में घुसा और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घर से 35 हजार रुपए, चांदी की चूड़ियां, पायल, अंगूठियां, लेडीज पिन, सोने के लूंग के साथ घर से बाइक की चाबी भी चोरी कर ले गया। रिपोर्ट में बताया कि उसके घर के पास में बैंक और निजी संस्थान पर सीसीटीवी फुटेज से चोर की पहचान कर पता लगाया जा सकता है। फिलहाल लूणी पुलिस की तरफ से अनुसंधान जारी है।

चोरी की वारदात खुलासा, पंजाब से दो आरोपी गिरफ्तार

सूरजगढ़, (निसं)। सूरजगढ़ थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) ने घर में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण एवं नकदी चोरी करने की वारदात का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर आरोपियों को पंजाब से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने करीब 300 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों का 350 किलोमीटर तक पीछा कर उन्हें धर दबोचा।

पुलिस के अनुसार 19 मई को परिवादी हरिशचंद्र पुत्र जगरूप यादव, निवासी वार्ड नंबर 6, काकोड़ा अंडरपास के पास, सूरजगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 18 मई की रात अज्ञात चोर उनके घर की खिड़की तोड़कर अंदर घुस गए। इसके बाद उन्होंने दरवाजे खोलकर घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण, नकदी एवं अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। वारदात के समय परिवादी और उनके भाई नौकरी के कारण बाहर तैनात थे तथा परिवार घर पर अकेला था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल डीएसटी एवं सूरजगढ़ थाना पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर जांच शुरू की। टीम ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में लगे करीब 300 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया। साथ ही तकनीकी साक्ष्यों और खुफिया सूचनाओं के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनका पीछा किया गया।।लगातार प्रयासों के बाद पुलिस टीम पंजाब के बठिंडा जिले के रामपुराफूल थाना क्षेत्र स्थित मेहराज गांव पहुंची, जहां से दोनों संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में चोरी की वारदात में संलिप्तता सामने आने पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पांच दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया है। उनसे चोरी किए गए माल की बरामदगी एवं अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ जारी है। गिरफ्तार आरोपी में सुखबीर सिंह पुत्र किशन सिंह, निवासी मेहराज, थाना रामपुराफूल, जिला बठिंडा (पंजाब) तथा गुरप्रीत सिंह पुत्र मगर सिंह, निवासी मेहराज, थाना रामपुराफूल, जिला बठिंडा (पंजाब) शामिल हैं।

- पुलिस ने आरोपियों का 350 किमी तक पीछा कर दबोचा

दो बाल श्रमिक मुक्त कराये

जोधपुर, (कासं)। जिला पश्चिम की सूरसागर पुलिस ने दो अलग-अलग होटलों पर कार्रवाई करते हुए दो बालश्रमिकों को मुक्त कराया। होटल संचालकों के खिलाफ केस दर्ज किए गए। सूरसागर थाने के एसआई पाबूदान सिंह ने बताया कि सूचना मिली कि चोपड़ पर चल रही एक होटल में बालक से श्रम करवाया जा रहा है। इस पर वे मय जाब्ते के वहां पहुंचे। पुलिस ने होटल संचालक अडवडा कुचेरा नागौर हाल अंबेडकर कॉलोनी काली टंकी के पास रहने वाले विनोद बंजारा के खिलाफ जेजे एक्ट में केस दर्ज कर बालक को मुक्त करवाया। इसी तरह चोपड़ के पास में कालीबेरी रोड पर पाबूजी रेस्टोरेंट एण्ड भोजनालय से एक बालक को मुक्त कराया गया।

डूंगरपुर में सुरक्षा गार्ड से मारपीट व लूट का खुलासा

डूंगरपुर, (निसं)। कोतवाली थाना पुलिस ने शहर के उदयपुरा रोड पर एक सुरक्षा गार्ड के साथ हुई मारपीट और लूट की वारदात का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि दो बाल अपचारियों को हिरासत में लिया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मांडवा बियोला निवासी गोपालसिंह बियोला ने कोतवाली थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार उनका बेटा बृजराजसिंह, सिन्टेक्स मील में सुरक्षा गार्ड है। 31 मई की रात को ड्यूटी खत्म कर वह मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। इसी दौरान उदयपुरा रोड पर सुनसान रास्ते में 3-4 युवकों ने उसे रोका। हमलावरों ने बृजराजसिंह के सिर पर लाठी और कांच की बोतल से वार किया। बदमाशों ने लात-घूंसों से उसे बुरी तरह घायल कर दिया और उसकी मोटरसाइकिल, मोबाइल तथा पर्स लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थानाधिकारी अजय सिंह राव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी अनुसंधान और मुखबिरों की मदद से आरोपियों का पता लगाया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी गुजरात भाग गए थे। पुलिस टीम ने उन्हें राजकोट (गुजरात) से पकड़ा। पुलिस ने नवाडेरा घाटी फला। निवासी हितेश कटारा को गिरफ्तार किया है, जबकि उसके दो साथी बाल अपचारियों को डिटेन किया है।

निर्माणाधीन मकान से विद्युत तार चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

अजमेर, (कासं)। गंज थाना पुलिस ने निर्माणाधीन मकान से वातानुकूलन यंत्र की वायरिंग और अन्य सामान चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे।

पुलिस के अनुसार गणपति नगर निवासी निखिल चौबे ने आनासागर चौकी में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उनके निर्माणाधीन मकान से वातानुकूलन यंत्र की वायरिंग और अन्य सामग्री चोरी हो गई है। शिकायत के बाद पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। जांच के दौरान पुलिस ने नवाब और अकबर नामक दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें दोनों ने चोरी की वारदात करना स्वीकार कर लिया। इसके बाद उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी नवाब के विरुद्ध पहले से विभिन्न मामलों में आठ प्रकरण दर्ज हैं। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि दोनों आरोपी नशे की लत के कारण चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। मामले के खुलासे में कांस्टेबल राजेश की विशेष भूमिका रही, जिनके प्रयासों से आरोपियों तक पहुंचने में सफलता मिली। पुलिस अब आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

- दोनों आरोपी नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे
- सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना से पुलिस ने कार्रवाई की

अलवर के ऐतिहासिक जगन्नाथजी मेले को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की मांग

अलवर, (निसं)। ओड़िशा के पुरी की विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ रथयात्रा की तरह अब राजस्थान के अलवर के ऐतिहासिक जगन्नाथजी मेले को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सकती है। अलवर की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को ग्लोबल मैप पर लाने के लिए राष्ट्रपति कार्यालय के हस्तक्षेप के बाद प्रदेश का प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया है। राष्ट्रपति के राष्ट्रीय सचिव ने इस संबंध में राजस्थान के मुख्य सचिव को एक आधिकारिक पत्र भेजा है। मुख्य सचिव स्तर से निर्देश मिलने के बाद अब देवस्थान विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में कार्ययोजना बनाने के लिए अवगत करा दिया गया है।

- जिले की संस्था महामाया अलवर ने राष्ट्रपति को पत्र भेजकर अलवर के जगन्नाथ मेले को पुरी की रथयात्रा की तरह अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की मांग की थी
- राष्ट्रपति के राष्ट्रीय सचिव ने राजस्थान के मुख्य सचिव को पत्र लिखा, देवस्थान विभाग कार्ययोजना बनाएगा

जानकारी के अनुसार अलवर की संस्था महामाया अलवर ने राष्ट्रपति को एक पत्र भेजा था। पत्र में बताया गया था कि अलवर के जगन्नाथ मेले में अपार पर्यटन और धार्मिक क्षमताएं हैं। मेले के दौरान पूरे शहर में उत्सव का माहौल रहता है और हर दिन हजारों-लाखों लोग इसमें शामिल होते हैं। अगर सरकार इच्छाशक्ति दिखाए और सही स्तर पर प्रयास करे तो इसे पुरी की रथयात्रा की तरह अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई जा सकती है।

संस्था के प्रतिनिधि शंकर सिंह राजपूत ने बताया कि इसी पत्र का संज्ञान लेते हुए राष्ट्रपति कार्यालय ने राजस्थान सरकार को कार्रवाई के लिए लिखा है। सरकार के स्तर पर के मेले के दौरान खास सौंदर्यीकरण कराया जाए। देश दुनिया में जानकारी भेजी जाए। बाहर के टूरिस्ट को बुलाया जाए। यह सब होने पर मेले की प्रसिद्धी दुनिया भर में बढ़ती जाएगी। जिससे रोजगार के अवसर भी बढ़ सकेंगे।

गौरतलब है कि अलवर का जगन्नाथ मेला अपनी अनूठी परंपराओं के लिए जाना जाता है। इस बार मेला 12 जुलाई से शुरू होकर 29 जुलाई तक चलेगा। मेले के दौरान 2 बार भगवान की भव्य शोभायात्रा (रथयात्रा) निकाली जाती है, जो पूरे शहर का भ्रमण करती है। भगवान के दर्शनों के लिए दीवानगी ऐसी होती है कि लाखों की संख्या में श्रद्धालु रात के 3-3 बजे तक सड़कों और मंदिरों में डटे रहते हैं। मेले के दिनों में पूरा अलवर शहर जगन्नाथमय हो जाता है। व्यापारिक और सांस्कृतिक रूप से भी यह अलवर का सबसे बड़ा आयोजन है।

राष्ट्रपति कार्यालय से पत्र आने के बाद देवस्थान विभाग अब मेले के इंफ्रास्ट्रक्चर, देश-विदेश में इसके प्रचार-प्रसार और वीआईपी रूट व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक नया खाका तैयार कर सकता है। अगर इसे केंद्रीय पर्यटन सर्किट से जोड़ा जाता है, तो आने वाले दिनों में अलवर में विदेशी पर्यटकों की आवक में भारी इजाफा देखने को मिल सकता है। यहां टूरिस्ट्स को आकर्षित किया जा सकता है। वैसे भी अलवर में विश्व प्रसिद्ध सरिस्का अभयारण्य है।

समदड़ी-लूनी रेलखंड पर दो दिन कई ट्रेनें प्रभावित रहेगी

जोधपुर, (कासं)। उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में समदड़ी-लूनी रेलखंड पर रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) निर्माण कार्य के चलते 7 एवं 8 जून को कुछ ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति जांचने की अपील की है।

मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि समदड़ी-लूनी रेल मार्ग स्थित दूदिया-दुंदाड़ा स्टेशन के मध्य समपार फाटक संख्या 231,227 एवं 226 पर आरयूबी निर्माण के लिए ब्लॉक लिया जाएगा। इसके कारण कुछ ट्रेनें रद्द,आंशिक रूप से रद्द तथा परिवर्तित मार्ग से संचालित की जाएंगी।

ट्रेन संख्या 74839 भगत की कोठी-बाड़मेर डेमू 7 जून को रद्द रहेगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 74840 बाड़मेर-भगत की कोठी डेमू 8 जून को रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 14896 बाड़मेर-भगत की कोठी एक्सप्रेस 7 जून को समदड़ी से भगत की कोठी के बीच रद्द रहेगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 14893 भगत की कोठी-पालनपुर एक्सप्रेस 7 जून को भगत की कोठी से समदड़ी के बीच रद्द रहेगी।

ट्रेन संख्या 20485 जैसलमेर-साबरमती सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन 7 जून को लूनी-मारवाड़ जंक्शन-महेसाणा मार्ग से संचालित होगी। ट्रेन पाली, मारवाड़ जंक्शन, रानी, फालना, सुमेरपुर, पिंडवाड़ा, आबू रोड, पालनपुर, सिद्धपुर और उंझा स्टेशनों पर ठहरेगी। इस कारण यह ट्रेन दुंदाड़ा, समदड़ी, मोकलसर, जालोर, मोदरान, भीनमाल, रानीवाड़ा, धानेरा, भीलड़ी तथा पाटन स्टेशनों पर नहीं रुकेगी। ट्रेन संख्या 20486 साबरमती-जैसलमेर एक्सप्रेस 7 जून को महेसाणा-मारवाड़ जंक्शन-लूनी मार्ग से संचालित होगी। ट्रेन उंझा, सिद्धपुर, पालनपुर, आबू रोड, पिंडवाड़ा, सुमेरपुर, फालना, रानी, मारवाड़ जंक्शन और पाली स्टेशनों पर ठहरेगी। इस कारण यह ट्रेन पाटन, भीलड़ी, धानेरा, रानीवाड़ा, भीनमाल, मोदरान, जालोर, मोकलसर तथा समदड़ी स्टेशनों पर नहीं रुकेगी।

- रोड अंडर ब्रिज निर्माण कार्य के चलते 7 एवं 8 जून को ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा